CLASS : 12th (Sr. Secondary)

**Series : SS/Annual-2023**

रोल नं०

C221919

**Code No. 203**

**SET : C**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

C221919

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

C221919

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



https://www.haryanaboard.com

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) 'पतंग' कविता में दौड़ते बच्चे दिशाओं को किसकी तरह बजाते हैं ?

(क) ढोल (ख) वीणा

(ग) बाँसुरी (घ) मृदंग

(ii) कैमरे वाला किन्हें साथ-साथ रुलाना चाहता है ?

(क) नायक-नायिका (ख) पाठक-कवि

(ग) अपाहिज-दर्शक (घ) कवि-कविता

(iii) *'तुमसे ही परिवेष्टित आच्छादित रहने का रमणीय यह उजेला'* – यहाँ 'आच्छादित' का अर्थ है :

(क) ढका हुआ (ख) छेदा हुआ

(ग) घिरा हुआ (घ) तुच्छ

(iv) उषा का जादू किससे टूटने की बात कही गई है ?

(क) लाल केसर से (ख) भोर के नभ से

(ग) सूर्योदय से (घ) वर्षा से

(v) *'सहेहु विपिन हिम आतप बाता'* – यहाँ 'बाता' का अर्थ है :

(क) बातचीत (ख) गर्मी

(ग) हवा (घ) शीतलता

(vi) किस्मत हमें रोती है तो किस्मत को कौन रोता है ?

(क) हम (ख) दूसरे

(ग) सभी (घ) त्रस्त



C221919
https://www.haryanaboard.com

C221919

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आखिरकार वही हुआ जिसका मुझे डर था

जोर जबरदस्ती से

बात की चूड़ी मर गई

और वह भाषा में बेकार घूमने लगी !

C221919

अथवा

हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से।

उसे कोई तनिक रोक रक्खो।

वह तो चुराए लिए जाती मेरी आँखें

नभ में पाँती-बँधी बगुलों की पाँखें।

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** तुलसीदास के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

C221919

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 × 2 = 4

(क) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' गीत का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) *'मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं'* – यहाँ 'परदा खोलने' से क्या अभिप्राय है ?



https://www.haryanaboard.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) शास्त्र का प्रश्न भक्तिन किसकी सुविधा के अनुसार सुलझा लेती थी ?

(क) पुराणों की (ख) दूसरों की

(ग) अपनी (घ) मालकिन की

(ii) लेखक ने चूरनवाले को 'अकिंचित्कर' कहा है, जिसका अर्थ है :

(क) ठग (ख) भिखारी

(ग) अर्थहीन (घ) व्यापारी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में वर्षा के बादलों का स्वामी किसे कहा है ?

(क) श्रीकृष्ण (ख) वरुण

(ग) इन्द्र (घ) जलदेवता

(iv) लुट्टन पहलवान के माता-पिता उसे कितने वर्षों की आयु में अनाथ बनाकर चल बसे ?

(क) 5 वर्ष (ख) 7 वर्ष

(ग) 9 वर्ष (घ) 11 वर्ष

(v) किस ग्रंथ में बताया गया है कि वाटिका के सघन छायादार वृक्षों की छाया में ही झूला (प्रेक्षा दोला) लगाया जाना चाहिए ?

(क) कामसूत्र (ख) ऋग्वेद

(ग) मेघदूत (घ) सूरसागर

(vi) आम्बेडकर ने भाईचारे के वास्तविक रूप को किसके मिश्रण की भाँति बताया है ?

(क) घी-दूध (ख) दही-मक्खन

(ग) आटा-नमक (घ) दूध-पानी



C221919
https://www.haryanaboard.com

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ?

**अथवा**

फिर उन्होंने मेज की दराज खींची और उसमें अंदर दूर तक हाथ डालकर एक किताब निकाली। किताब को सफिया के सामने रखकर उन्होंने पहला सफा खोल दिया। बाईं ओर नजरुल इस्लाम की तसवीर थी और टाइटल वाले सफे पर अंग्रेजी के कुछ धुँधले शब्द थे – "शमसुलइसलाम की तरफ से सुनील दास गुप्ता को प्यार के साथ, ढाका 1946"

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 3 = 9

(क) 'नमक' कहानी में सिख बीबी को देखकर सफिया हैरान क्यों रह गई ?

(ख) भक्तिन के परिवार के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(ग) 'बाजार दर्शन' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**8.** ***वितान (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) यशोधर बाबू को भूषण ने उपहार देते समय क्या कहा और उन्हें यह सब कैसा लगा ?



https://www.haryanaboard.com

(ग) 'जूझ' पाठ में खेत में काम करते समय लेखक का अकेलापन कैसे दूर हो गया था ?

(घ) मुअनजो-दड़ो को लेखक ने नगर-नियोजन की अनूठी मिसाल क्यों कहा है ?

(ङ) 'डायरी के पन्ने' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या संदेश देना चाहती है ?

**9.** *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) किसी खास विषय पर सामान्य से हटकर किया गया लेखन क्या कहलाता है ? 1

(ii) फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं ? 1

(ख) समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) रेडियो नाटक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

नये और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन-सी बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है ?

**10.** *'नैतिक शिक्षा'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) मदनलाल ढींगरा के मन में देश के प्रति क्या भाव थे ? 3

(ख) गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार राम के बाल चरित का वर्णन कीजिए। 3



https://www.haryanaboard.com

(ग) गीता में किस-किस का अद्‌भुत संगम है ? 2

(घ) हेमू ने आदिलशाह के राज्य की सुरक्षा किन-किन विद्रोहियों से की ? 2

11. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) उच्चारण, गंगोर्मि (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) दिक् + गज (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) तत्पुरुष समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) हररोज, जल-थल (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य *शुद्ध* कीजिए :

(i) वह लब्धप्रतिष्ठित व्यक्ति है। 1

(ii) सावित्री पतिव्रता नारी थी। 1

C221919
C221919
21919
https://www.haryanaboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.haryanaboard.com